जनपद न्यायाधीश, डीएम, एसपी ने राजकीय बाल गृह का किया निरीक्षण

देवरिया। जनपद न्यायाधीश धनेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर और मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने गुरुवार को राजकीय बाल गृह का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने यहां रह रहे बच्चों की देखभाल, सुरक्षा और उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बच्चों के रहने के कमरे, बिस्तर, पेयजल, शौचालय और स्नानघर की साफ-सफाई का जायजा लिया। परिसर की स्वच्छता के साथ भोजन की गुणवत्ता, रसोईघर की व्यवस्था और खाद्य सामग्री के रखरखाव की भी जानकारी ली गई। बच्चों को निर्धारित समय पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के संबंध में भी अधिकारियों ने पूछताछ की।



अधिकारियों ने बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, दवाओं और उपचार की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा पढ़ाई के लिए उपलब्ध संसाधनों, दैनिक दिनचर्या, खेलकूद और मनोरंजन की सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बच्चों से बातचीत कर उनकी समस्याएं और जरूरतें जानीं। साथ ही बाल गृह में सुरक्षा व्यवस्था, कर्मचारियों की भूमिका और अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति भी देखी। अधिकारियों ने कर्मचारियों को बच्चों के साथ संवेदनशीलता और आत्मीयता से व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाल गृह में रहने वाले बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल वातावरण मिलना चाहिए। उनके संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा और सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए उन्हें आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक के दोनों पैर कटे, हालत गंभीर

सेवरही,कुशीनगर।तमकुही रोड रेलवे स्टेशन के समीप लोकमान्य इंटर कॉलेज डाला के पास गुरुवार को शाम करीब चार बजे ट्रेन की



चपेट में आने से 45 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के दोनों पैर कट गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर सेवरही कस्बा चौकी प्रभारी अनिल शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सेवरही पहुंचाया गया।वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घायल युवक की पहचान तरया सुजान थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव निवासी शशिप्रकाश मिश्रा (45) पुत्र हरेंद्र मिश्रा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, कप्तानगंज से थावे की ओर जा रही 55108 नंबर की थावे-कप्तानगंज पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से यह हादसा हुआ।घटना किन परिस्थितियों में हुई और युवक ट्रेन की चपेट में कैसे आया, इसका वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

राज्य स्तरीय जूनियर खो-खो चैंपियनशिप के लिए देवरिया की टीमें रवाना

देवरिया। उत्तर प्रदेश जूनियर स्टेट खो-खो चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए देवरिया की बालक और बालिका टीम गुरुवार को बाघ एक्सप्रेस से हरदोई के लिए रवाना हुई। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह नजर आया। दोनों टीमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।हरदोई के आलापुर में 30 अक्तूबर से एक नवंबर तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रदेशभर की टीमें प्रतिभाग करेंगी। जिला सचिव एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष शिवानंद नायक ने स्टेशन पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं देते हुए टीम को रवाना किया। बालक टीम में ये खिलाड़ी शामिल बालक वर्ग में शिवम यादव, अंकित गुप्ता, प्रिंस नाम सैनी, अंगद गुप्ता, सुमित मौर्या, सुधांशु विश्वकर्मा, अभय वर्मा, राकेश सैनी, अरविंद चौहान, नमन दीक्षित और मोहित कुमार शामिल हैं। टीम के मैनेजर की जिम्मेदारी मुकेश कुमार संभालेंगे। बालिका टीम में इन खिलाड़ियों पर दारोमदार बालिका वर्ग में कीर्ति तिवारी, कीर्ति सैनी, श्वेता यादव, आंचल, रोशनी, वंशिका, प्रीति, मान्यता वर्मा, अनुष्का यादव, अनुष्का और जानवी पटेल शामिल हैं। टीम की कोच छाया सिंह हैं। रवाना होने से पहले खेल पदाधिकारियों और प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर जिले का रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।



❖ 30 अक्तूबर से एक नवंबर तक हरदोई के आलापुर में होगी प्रतियोगिता

विजय निषाद बने निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष,कार्यकर्ताओं में खुशी

देवरिया। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) ने आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के बीच देवरिया में संगठन को मजबूत करने के लिए विजय निषाद को पार्टी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके जिलाध्यक्ष बनाए जाने की जानकारी मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने उन्हें बधाई दी। पार्टी नेतृत्व की ओर से सौंपी गई जिम्मेदारी के तहत विजय निषाद जिले में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के साथ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करेंगे। इसके अलावा संगठन के विस्तार और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करेंगे। विजय निषाद ने नई जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि वह संगठन की ओर से सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत करना और जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने के साथ पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा। समाज के सम्मान और अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर भी पार्टी की ओर से सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विजय निषाद को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में जिले में संगठन और मजबूत होगा।



देवरिया में 10 नामचीन मिठाई की दुकानों पर एक साथ छापा, लिए गए सैंपल

देवरिया। आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए जनपद में मिलावटी मिठाइयों की बिक्री रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने कमर कस ली है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर अंतरजनपदीय सचल दल के सहयोग से विभाग ने जनपद के 10 प्रमुख मिष्ठान प्रतिष्ठानों और कारखानों पर एक साथ व्यापक छापेमारी की। अचानक हुई इस कार्रवाई से मिठाई कारोबारियों में पूरे दिन हड़कंप मचा रहा। कार्रवाई के दौरान टीमों ने स्वीट संसार स्वीट्स, शिवशक्ति स्वीट्स, कनक स्वीट्स (सिविल लाइन), कनक स्वीट्स (गोरखपुर ओवरब्रिज), तिरूपति बालाजी स्वीट्स, पूजा स्वीट्स, स्टार बेकर्स, गोकुल स्वीट (सलेमपुर), बीकानेर स्वीट्स (स्टेशन रोड) और संजय यादव के लड्डू कारखाने पर एक साथ दबिश दी। किचन से लेकर एक्सपायरी डेट तक की बारीकी से जांच



छापेमारी के दौरान अफसरों ने मिठाई निर्माण स्थलों की स्वच्छता, भंडारण व्यवस्था, कच्चे माल की खरीद रसीद, साफ-सुथरे उपकरणों के इस्तेमाल और पेस्ट कंट्रोल रिकॉर्ड की सघन पड़ताल की। इसके अलावा मिठाइयों में इस्तेमाल हो रहे कृत्रिम रंगों, चांदी के वर्क, खोया और दूध की शुद्धता की भी जांच की गई। रिटेल काउंटरों पर डिस्प्ले की गई मिठाइयों पर %यूज बाई डेट% (खपत की अंतिम तिथि) दर्ज है या नहीं, इसे भी परखा गया। जांच के लिए लैब भेजे गए 10 नमूने गुणवत्ता में संदेह होने पर जांच टीमों ने अलग-अलग दुकानों से बूंदी के लड्डू, खोया मिठाई, छेना मिठाई, कराची हलवा, बेसन और बेसन के लड्डू के कुल 10 नमूने सील कर राजकीय खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजे हैं। सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय हितेन्द्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जिन दुकानों पर खामियां मिली हैं, उन्हें सुधार के लिए नोटिस जारी किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दीपावली पर मिठाइयों की भारी मांग को देखते हुए मिलावट रोकने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति के 2.10 लाख रुपये पुलिस ने कराए वापस

देवरिया। साइबर ठगी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सुरौली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति के



2.10 लाख रुपये वापस करा दिए। रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस टीम का आभार जताया। पुलिस के अनुसार, सुरौली थाना क्षेत्र के पैकौली महाराज निवासी शरवेन्द्र शेखर शाही ने साइबर ठगी के संबंध में 24 अक्तूबर को साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत का एक्नालेजमेंट नंबर 23110260212034 है।शिकायत मिलते ही सुरौली थाने की साइबर टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ठगी की रकम को होल्ड कराया। इसके बाद आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी कर 2,10,000 रुपये की पूरी धनराशि पीड़ित के खाते में वापस ट्रांसफर करा दी गई। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष अविनाश मौर्य, साइबर प्रभारी उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह, कांस्टेबल इमरान अंसारी और महिला कांस्टेबल शालिनी मिश्रा शामिल रहे।

ठगी के शिकार पीड़ित को वापस मिले 9,373रू.

सोहनपुर,देवरिया। थाना बनकटा की साइबर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के शिकार एक पीड़ित की ?9,373 की धनराशि वापस कराई है। रुपये वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस टीम का आभार जताया।मिली जानकारी के अनुसार, बनकटा थाना क्षेत्र निवासी अनीश बरनवाल पुत्र अनिल बरनवाल साइबर ठगी के शिकार हो गए थे। पीड़ित ने 21 जुलाई 2024 को NCRP पोर्टल पर ?ष्च्य नंबर 33107240092174 के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी।शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना बनकटा की साइबर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने ठगी की धनराशि को समय रहते होल्ड कराया और स्क्रू पोर्टल के माध्यम से आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ?9,373 की धनराशि पीड़ित के बैंक खाते में वापस



कराई।पीड़ित ने पुलिस टीम का जताया आभारअपनी धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने थाना बनकटा की साइबर पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया।इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मौर्य, साइबर प्रभारी उपनिरीक्षक आलोक रंजन सिंह, कांस्टेबल विद्यासागर, कांस्टेबल अमृत राजभर और महिला कांस्टेबल जूही यादव शामिल रहे। देवरिया पुलिस ने आमजन से अपील की है कि साइबर ठगी होने पर घबराएं नहीं, बल्कि तत्काल इसकी शिकायत करें। साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या आधिकारिक वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं। समय रहते शिकायत करने से ठगी की रकम को होल्ड कराने और वापस पाने की संभावना बढ़ सकती है।

ध्रुव त्रिपाठी के लगातार चौथी बार शानदार जीत पर दी बधाई

भाटपार रानी देवरिया गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से 2026 में भाजपा के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने लगातार चौथी बार जीत दर्ज कर इतिहास रचा है। उन्होंने अपने निकटतम निर्दलीय प्रतिद्वंद्वी राजीव यादव को पराजित किया है।इस सीट पर लगातार चार बार जीतने वाले वे पहले प्रत्याशी बन गए हैं। भाजपा एमएलसी प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी को मिली शानदार जीत को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं मदन मोहन मालवीय संस्थान के प्रबंधक, वरिष्ठ भाजपा नेता सबके दिलों पर राज करने वाले राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह ने कहा कि यह विजय शिक्षकों के विश्वास, संघर्ष और एकजुटता की जीत है। आशा है कि श्री त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में शिक्षक समाज की आवाज़ और बुलंद होगी तथा उनके अधिकारों एवं सम्मान को नई मजबूती मिलेगी।उन्हें विश्वास है कि ध्रुव त्रिपाठी शिक्षकों के विश्वास और आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए उनके हितों के संरक्षण तथा शिक्षा जगत की प्रगति के लिए समर्पित रहेंगे। एमएलसी श्री त्रिपाठी को मिली शानदार जीत को लेकर भारी संख्या में शिक्षकों ने उन्हें शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। जिनमें प्रमुख रूप से मदन मोहन मालवीय संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ पवन कुमार राय,प्राचार्य प्रोफेसर सतीश चंद



गौड,कमलेश नारायण मिश्र,अजय कुमार सिंह,अमन तिवारी, अमित कुमार,अमीर लाल,अरुण कुमार गुप्ता,आशिया परवीन, कीर्ति कुमार जायसवाल,जय सिंह,डॉ पूनम यादव,डॉ प्रवीण कुमार प्रजापति,दिनेश कुमार शर्मा,मनोज कुमार,महेन्द्र कुमार मिश्रा, श्रीनिवास मिश्र,मोहिनी सिंह बघेल, राकेश कुमार,राम अवतार वर्मा,सुदीप कुमार रंजन,सुधीर कुमार शुक्ला,सौरभ पाल,डॉ सुशील कुमार पाण्डेय,अशोक कुमार तिवारी,उत्कर्ष नारायण राय, कपूर चन्द गुप्ता,कौशल कुमार सिंह, गुरु प्रकाश मिश्रा, दिनेश कुमार सिंह, नीरज नयन पाठक, प्रदीप चौरसिया, महेन्द्र, विनोद कुमार, शैलेन्द्र कुमार मिश्रा,शशि नाथ पाठक ,सत्येन्द्र यादव, सतीश चन्द्र वर्मा ,अंकुर ,अभिशप्त दुर्गेश कुमार गौतम, छत्रपाल सिंह अखिलेश कुमार यादव, चरण सिंह, जितेन्द्र कुमार, जितेन्द्र कुमार, धर्मनाथ यादव ,नारायण मिश्रा,भानुप्रताप सिह ,रंजना गुप्ता,लोकेश कुमार सिंह, श्री कृष्णा यादव,अंकिता शुक्ला,कनक लता सिंह, अलका सिंह, ऋचा श्रीवास्तव,पूजा देवी,बन्दना गौड,श्वेता पाण्डेय,सरोज मौर्य,अग्रिम सिंह ,अनन्त प्रकाश मिश्र,गौतम जी यादव,जितेन्द्र यादव ,नित्यानंद सिंह,निसार अहमद,पंकज कुमार राय, प्रियंका सिंह,रितू सिंह, रीना यादव,सुधाकर पाण्डेय आदि का नाम शामिल है।

डॉ. बीपी शर्मा पथरदेवा से आजाद अधिकार सेना के प्रत्याशी घोषित

देवरिया। आजाद अधिकार सेना ने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2027 के लिए देवरिया जिले की 338-पथरदेवा विधानसभा सीट से दंत चिकित्सक डॉ. बीपी शर्मा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी की केंद्रीय कार्यकारिणी के अनुमोदन के बाद राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नूतन ठाकुर ने उनकी उम्मीदवारी की घोषणा की। देवरिया निवासी डॉ. बीपी शर्मा पेशे से दंत चिकित्सक हैं। पार्टी की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, वह आजाद अधिकार सेना के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरेंगे। पार्टी ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष करने के साथ आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने कहा कि



आजाद अधिकार सेना आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और अन्याय, अत्याचार व भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष के संकल्प के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में हिस्सा ले रही है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नूतन ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय कार्यकारिणी की मंजूरी के बाद डॉ. बीपी शर्मा की उम्मीदवारी घोषित की गई है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से पीएनबी कर्मचारी घायल

देवरिया। देवरिया-गौरी बाजार मार्ग पर बैतालपुर डिपो के पास मंगलवार को सड़क हादसे में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का एक कर्मचारी घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर जुटे लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया। बताया गया कि गौरी बाजार स्थित पीएनबी में कार्यरत आशुतोष राय देवरिया से गौरी बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बैतालपुर डिपो के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गए। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना संबंधित लोगों को दी और घायल आशुतोष राय को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 31 अक्टूबर को खुलेगी किसानों की किस्मत

देवरिया। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत आधुनिक कृषि यंत्रों पर अनुदान पाने की आस लगाए बैठे किसानों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। कृषि यंत्रों के आवंटन के लिए आगामी 31 अक्टूबर को गांधी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ई-लॉटरी का आयोजन किया जाएगा। प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहे, इसके लिए जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति और किसानों की मौजूदगी में चयन किया जाएगा। उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने बताया कि 'प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर फॉर सब मिशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन' तथा 'सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू' योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों के चयन की प्रक्रिया तय कर दी गई है। 31 अक्टूबर 2026 को सुबह 10 बजे से ई-लॉटरी के जरिए लाभार्थियों का चयन शुरू होगा। इन आधुनिक यंत्रों के लिए होगा किसानों का चयन ई-लॉटरी के जरिए पैडी व मल्टीक्रॉप थ्रेशर, मिनी राइस मिल, लेजर लैंड लेवलर, क्लीनर-कम-ग्रेडर, पावर टिलर, पावर वीडर, कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना और कंबाइन हार्वेस्टर सहित कई प्रमुख कृषि यंत्रों के लिए विकासखंडवार और यंत्रवार किसानों की सूची फाइनल की जाएगी। उप कृषि निदेशक ने ऑनलाइन पोर्टल पर बुकिंग कराने वाले सभी पंजीकृत किसान भाइयों से अपील की है कि वे 31 अक्टूबर को सुबह 10 बजे विकास भवन स्थित गांधी सभागार में समय से पहुंचकर ई-लॉटरी प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

❖ विकास भवन में डीएम की अध्यक्षता में होगी ई-लॉटरी

दिल्ली महारैली को सफल बनाने में जुटी कांग्रेस

सलेमपुर (देवरिया)। आगामी एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली को सफल बनाने के लिए सलेमपुर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें क्षेत्र से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र पांडे ने कहा कि आज लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाता का वोट लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचकर लोगों को महारैली के उद्देश्य की जानकारी देने तथा अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया। बैठक को जिला महासचिव मार्कण्डेय मिश्र, ब्लॉक अध्यक्ष मनीष रजक, ब्लॉक अध्यक्ष भागलपुर डॉ रमेश कुशवाहा, ब्लॉक अध्यक्ष सलेमपुर मनीष रजक, भागलपुर डॉ रमेश कुशवाहा, लार वजीर अहमद, सत्यम पांडेय, रामविलास तिवारी, उदयनारायण तिवारी, परमानन्द प्रसाद, सुच्चन खान, डॉ याहिया अंजुम, प्रमोद श्रीवास्तव, पृथ्वीनाथ पांडेय, आचार्य हरेन्द्र मिश्र, अवधेश पांडेय, मनोज पांडेय आदि ने सम्बोधित किया।

तहसील के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का किया बहिष्कार

सलेमपुर (देवरिया)। उच्च न्यायालय में अधिवक्ताओं के साथ हुए दुर्व्यवहार के विरोध में यहां तहसील न्यायालय के सभी अधिवक्ताओं ने बार संघ के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद मिश्र के निर्देश पर अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों से विरत रहकर विरोध जताया। अधिवक्ताओं का कहना है कि न्यायालय में अधिवक्ताओं के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न्याय व्यवस्था की गरिमा और अधिवक्ताओं के सम्मान से जुड़ा विषय है। इस घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने एकजुटता प्रदर्शित करते हुए न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया।बार संघ के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद मिश्र के निर्देश पर अधिवक्ताओं ने विरोध दर्ज कराया। इस दौरान न्यायिक कार्यों से दूरी बनाकर उच्च न्यायालय में अधिवक्ताओं के साथ हुए दुर्व्यवहार के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। बहिष्कार के चलते तहसील न्यायालय में न्यायिक कार्य प्रभावित रहे।

प्रशांत किशोर सहित स्थानीय विधायक पहुंचे देव पालिक गुप्ता के अंतिम संस्कार में

दुदही (कुशीनगर)। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के गोड़रिया बाजार निवासी जन सुराज पार्टी के मीडिया प्रमुख देव पालिक गुप्ता (31) के असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। शुक्रवार को उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर सहित कई राजनीतिक और सामाजिक हस्तियां मृतक के पैतृक गांव पहुंचीं। इस दौरान हजारों लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।प्रशांत किशोर ने देव पालिक गुप्ता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने देव पालिक की संदिग्ध मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच कराने तथा मामले में उचित कार्रवाई सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया।अंतिम संस्कार के दौरान गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग जुटे। माहौल गमगीन रहा। मृतक के बड़े भाई तारकेश्वर गुप्ता ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की।इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा, पडरौना विधायक मनीष जायसवाल, समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष मुहम्मद इलियास, ओमप्रकाश वर्मा, गिरिजेश जायसवाल, शैलेश उपाध्याय, दीपराज खरवार, राजमंगल यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, राजनीतिक कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

किताबी ज्ञान के साथ अनुशासित विद्यार्थी ही अपने भविष्य को उज्ज्वल करते है-दीनानाथ कुशवाहा

पथरदेवा(देवरिया)।पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा ने कहा कि मैं सबसे पहले मदरसा इस्लामिया महुआरी पथरदेवा के प्रधानाचार्य मंजूर हसन के साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षकों को धन्यवाद दे रहा हूँ कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ अनुशासन का पाठ पढ़ाने का कार्य किया है जो मुझे इस समारोह में दिखने को मिली। उन्होंने कहा कि अनुशासित विद्यार्थी ही किताबी ज्ञान के साथ अनुशासित होकर अपने भविष्य को उज्ज्वल करते है। पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा मदरसा इस्लामिया महुआरी पथरदेवा के प्रांगण में तीन दिवसीय भारत स्काउट गाइड के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि उपरोक्त उद्गार व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड का प्रशिक्षण सरकार द्वारा अनिवार्य हो गया है। इस प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को अनुशासित होने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शहीद रामचन्द्र इण्टरमीडिएट कालेज बसन्तपुरधूसी तरकुलवा देवरिया के प्रधानाचार्य डा.स्वतंत्र यादव ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं को स्थापित करना तो आसान है लेकिन निरन्तर प्रगति के आधार पर चलाना कठिन है। प्रधानाचार्य डा.स्वतंत्र यादव ने कहा कि मैं अपने क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों का चक्कर लगा चुका हूँ किसी ने विद्यालय के विकास के लिए एक नैया पैसा विगत चार वर्षो के अन्दर नही दिया है लेकिन मैं अपने हुनर से विगत चार वर्षो में चार कक्षों का निर्माण कराया हूँ। उन्होंने कहा कि जब मैं विद्यालय में प्रवेश किया तो विद्यालय की सभी तरह की व्यवस्था खण्डहर जैसा था लेकिन विद्यालय



❖ जब हर व्यक्ति अपने कर्तव्य को निष्ठा के साथ करेगा तो देश विकास के तरफजायेगा-डा.स्वतंत्र यादव

के प्रबन्धक श्रीमती उर्मिला त्रिपाठी एवं प्रबन्धक प्रतिनिधि पूर्व प्रधानाचार्य गोविन्दपति त्रिपाठी के सहयोग से विद्यालय में सभी तरह के विकास निरन्तर जारी है। वर्तमान समय में विद्यालय में अठ्ठारह सौ बच्चे है इसके साथ ही विद्यालय के अनेक छात्र एवं छात्राए,खेल जगत में अपना दौर आगे की तरफकर रहे है। डा.स्वतंत्र यादव धर्म पर चर्चा करते हुए कहा कि धर्म का यह मतलब नही है कि हिन्दू,मुस्लिम धर्म हो बल्कि धर्म का वास्तविक अर्थ यह है हर व्यक्ति अपने कार्य को जिम्मेदारी के साथ करे यही धर्म है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मंजूर हसन ने मुख्य अतिथि दीनानाथ कुशवाहा ,विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य डा.स्वतंत्र यादव, हाफिज अरमान ,इफ्तिखार ,डा .साहबजाद, आजाद अंसारी ,शैलेन्द्र सिंह, शिक्षक अजय बहादुर सिंह,मजहर हुसैन, पूर्व प्रधानाचार्य अमारूद्दीन सिद्दीकी ,कदीर आलम, राजवंशी राजभर ,दयाशंकर यादव, ऋषिकेश यादव, जलील अंसारी, मोहम्मद गफ्फार ,शमशाद अहमद स्काउट गाइड प्रशिक्षण मुहम्मद युनूस अंसारी,पंकज कुमार श्रीवास्तव,शमशाद अंसारी को माला पहनाकर अंगवस्त्र के साथ सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुहम्मद मेराज खान ,जहरूद्दीन अंसारी, इजहार अहमद,सज्जाद अहमद,शमशाद अहमद,सद्दाम हुसैन, अब्बुलहक अंसारी ,सईद अहमद, मुहम्मद खालिद, महमुद अहमद, वसीउल्लाह, कमरूद्दीन अंसारी,मुख्तार अंसारी, अनवार अहमद,अनवर सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।

पुलिस की तत्परता से बीमार बालक को मिला उपचार, पिता के सुपुर्द किया गया

सोहनपुर,देवरिया। थाना बनकटा क्षेत्र के सोहनपुर में बुधवार, 28 अक्टूबर 2026 को एक 12 वर्षीय बालक बीमार अवस्था में अकेले रोता हुआ मिला। सूचना मिलते ही यूपी-112 की पीआरवी 8107 और बनकटा पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बालक को अपने संरक्षण में लिया और तत्काल उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटा पहुंचाया।जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर करीब 3:54 बजे यूपी-112 पर सूचना मिली कि सोहनपुर में एक बालक अकेले रो रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम सुमित यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव, निवासी सिरसिया मिश्र, थाना खामपार, जनपद देवरिया बताया।बालक की तबीयत खराब थी और उसे उल्टियां हो रही थीं। उसकी स्थिति को देखते हुए पुलिसकर्मियों ने बिना देर किए उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटा पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। उपचार के बाद पुलिस टीम बालक को थाना बनकटा लेकर आई और उसके परिजनों से संपर्क किया।